Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 02/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से प्रजनन की कौन-सी विधि जनसंख्या में तीव्र वृद्धि सुनिश्चित करती है?

Ans
✗ A. आंतरिक निषेचन
✗ B. स्व-परागण
✗ C. पर-परागण
✓ D. अलैंगिक प्रजनन

**Q.2** गुरुत्वीय त्वरण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. यह गहराई के साथ स्थिर रहता है
✗ B. यह पृथ्वी पर हर जगह समान रहता है
✓ C. यह ऊँचाई के साथ घटता है
✗ D. यह पृथ्वी के भीतर जाने पर बढ़ता है

**Q.3** वायु में ध्वनि की चाल लगभग 340 m/s है। यदि कोई परावर्तक सतह 17 m दूर है, तो प्रतिध्वनि को स्रोत तक लौटने में कितना समय लगेगा?

Ans
✗ A. 1 s
✓ B. 0.1 s
✗ C. 0.5 s
✗ D. 0.05 s

**Q.4** बड़े बांधों और बाढ़ नियंत्रण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
✓ A. बड़े बांध नदी प्रवाह को नियंत्रित करके बाढ़ नियंत्रण में सहायता कर सकते हैं।
✗ B. बड़े बांध बाढ़ की संभावना को पूरी तरह से समाप्त कर देते हैं।
✗ C. बड़े बांध बाढ़ के खतरे को नहीं बढ़ाते हैं।
✗ D. बड़े बांध का उपयोग कभी भी बाढ़ नियंत्रण के लिए नहीं किया जाता है।

**Q.5** 720 km/hr की चाल से चल रही एक कार ब्रेक लगाने के 4 सेकंड बाद रुक जाती है। यदि कार और यात्रियों का कुल द्रव्यमान 80 kg है, तो ब्रेक द्वारा अनुप्रयुक्त बल कितना होगा?

Ans
✗ A. – 14,400 N
✗ B. 4000 N
✓ C. – 4000 N
✗ D. – 2000 N

**Q.6** निम्नलिखित अंगों में से कौन-सा अंग, वक्ष गुहा में होता है?

**Ans**
- ✗ A. ग्रसनी
- ✗ B. यकृत
- ✗ C. अग्न्याशय
- ✓ D. फुफ्फुस

**Q.7** कार्बन यौगिकों में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रकार्यात्मक समूह -OH द्वारा दर्शाया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. कार्बोक्सिलिक अम्ल
- ✓ B. ऐल्कोहॉल
- ✗ C. एल्डिहाइड
- ✗ D. कीटोन

**Q.8** गोलीय लेंस के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. अवतल लेंस में भी दो वक्रता केंद्र होते हैं।
- ✓ B. प्रकाशिक केंद्र, वक्रता केंद्र के साथ संपाती होता है।
- ✗ C. प्रत्येक गोलीय लेंस में दो वक्रता केंद्र होते हैं।
- ✗ D. दो वक्रता केंद्रों को मिलाने वाली रेखा को मुख्य अक्ष कहते हैं।

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सा, जीव के ऊतक का उदाहरण नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. अस्थि
- ✓ B. न्यूरॉन
- ✗ C. रुधिर
- ✗ D. पेशी

**Q.10** जब H+ आयनों की सांद्रता बढ़ती है, तो विलयन के pH पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**
- ✗ A. यह बढ़ता है
- ✓ B. यह घटता है
- ✗ C. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता है
- ✗ D. यह समान रहता है

**Q.11** सामान्य परिस्थितियों में मानव महिला शरीर में निषेचन के बाद भ्रूण को कहां रोपित किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. गर्भाशय अस्तर (Uterus lining)
- ✗ B. अंडवाहिनी (Oviduct)
- ✗ C. अंडाशय (Ovary)
- ✗ D. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)

**Q.12** पदार्थ की निम्नलिखित में से किस अवस्था में कणों की तीव्र याद्दच्छिक गति सबसे अधिक होती है?

**Ans**
- ✗ A. केवल तरल
- ✗ B. केवल ठोस
- ✗ C. तरल और ठोस दोनों
- ✓ D. गैस

**Q.13** ऑक्सीकरण को किस रूप में परिभाषित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. इलेक्ट्रॉनों के लाभ
- ✗ B. प्रोटॉनों की हानि
- ✓ C. इलेक्ट्रॉनों की हानि
- ✗ D. न्यूट्रॉनों के लाभ

Prepp Your Personal Exam Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सी पेशीय संरचना, वक्रता को संशोधित करने और इस प्रकार रेशेदार, जेली-जैसे नेत्र लेंस की फोकस दूरी को बदलने के लिए उत्तरदायी है? | |
| Ans | ✗ A. आइरिस (Iris) | |
| | ✓ B. सिलियरी पेशियां (Ciliary muscles) | |
| | ✗ C. रेटिना (Retina) | |
| | ✗ D. पुतली (Pupil) | |

| | |
|---|---|
| Q.15 | 2 kg द्रव्यमान का एक पिंड 3 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा __________ है। |
| Ans | ✗ A. 18 J |
| | ✗ B. 3 J |
| | ✓ C. 9 J |
| | ✗ D. 6 J |

| | |
|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित में से कौन-सा, महिलाओं से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार शक्रवाहिका-उच्छेदन (vasectomy) पुरुषों से संबंधित है? |
| Ans | ✓ A. ट्यूबेक्टमी (Tubectomy) |
| | ✗ B. कोइटस इंटेरप्टस (Coitus interruptus) |
| | ✗ C. सरवाइकल कैप्स (Cervical caps) |
| | ✗ D. कॉपर-टी (Copper-T) |

| | |
|---|---|
| Q.17 | निम्नलिखित में से कौन-सा, अधात्विक तत्व द्वारा निर्मित द्विपरमाणुक अणु है? |
| Ans | ✓ A. $O_2$ |
| | ✗ B. Mg |
| | ✗ C. He |
| | ✗ D. Na |

| | |
|---|---|
| Q.18 | किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है? |
| Ans | ✗ A. चालक की लंबाई और क्षेत्रफल |
| | ✓ B. सामग्री की प्रकृति |
| | ✗ C. इससे गुजरने वाली धारा |
| | ✗ D. चालक की आकृति |

| | |
|---|---|
| Q.19 | कौन-सा समीकरण, हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ ऐलुमिनियम की अभिक्रिया को सही ढंग से दर्शाता है? |
| Ans | ✓ A. $2Al + 6HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$ |
| | ✗ B. $Al + HCl \rightarrow AlCl + H_2$ |
| | ✗ C. $2Al + 3HCl \rightarrow 2AlCl_3 + 3H_2$ |
| | ✗ D. $Al + HCl \rightarrow AlCl_3 + H_2$ |

| | |
|---|---|
| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इसको अच्छी तरह से स्पष्ट करता है कि किसी तत्व के समस्थानिकों के रासायनिक गुणधर्म समान होते हैं लेकिन भौतिक गुणधर्म भिन्न होते हैं? |
| Ans | ✗ A. समस्थानिकों की परमाणु संरचना पूरी तरह से भिन्न होती है, जो उनके भौतिक और रासायनिक गुणों को प्रभावित करती है। |
| | ✗ B. समस्थानिकों में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या समान होती है, लेकिन इलेक्ट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है। |
| | ✗ C. समस्थानिकों में प्रोटॉन की संख्या भिन्न होती है, जिसके कारण रासायनिक अभिक्रियाओं में उनका व्यवहार भिन्न होता है। |
| | ✓ D. समस्थानिकों की परमाणु संख्या समान होती है, लेकिन उनके न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न होती है, जो द्रव्यमान जैसे भौतिक गुणों को प्रभावित करती है। |

| | |
|---|---|
| Q.21 | एक सोलेनॉइड चुंबक की तरह व्यवहार करता है क्योंकि ..............। |
| Ans | ✗ A. यह बिजली संग्रहीत करता है |
| | ✓ B. इसके फेरों में प्रवाहित धारा एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है |
| | ✗ C. इसमें अंदर लोहा होता है |
| | ✗ D. इसका प्रतिरोध उच्च होता है |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.22** वह बल जो किसी वस्तु की गति की अवस्था को परिवर्तित करता है, ...................कहलाता है।

**Ans**
- ✗ A. गुरुत्वाकर्षण बल
- ✗ B. संतुलित बल
- ✗ C. घर्षण बल
- ✓ D. असंतुलित बल

**Q.23** मानव मस्तिष्क का मुख्य विचारक भाग कहाँ स्थित होता है?

**Ans**
- ✗ A. मेडुला
- ✓ B. अग्र-मस्तिष्क
- ✗ C. मध्य मस्तिष्क
- ✗ D. मेरु रज्जु

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा फुलेरीन कार्बन अपरूप का रासायनिक सूत्र है?

**Ans**
- ✗ A. C
- ✗ B. C0
- ✗ C. C6
- ✓ D. C60

**Q.25** पादप में जाइलम और फ्लोएम ऊतकों के प्राथमिक कार्य क्या हैं?

**Ans**
- ✓ A. जाइलम जल और खनिजों का गमन करता है, फ्लोएम भोजन का गमन करता है।
- ✗ B. जाइलम और फ्लोएम दोनों भोजन का गमन करते हैं।
- ✗ C. जाइलम भोजन का गमन करता है, फ्लोएम जल और खनिजों का गमन करता है।
- ✗ D. जाइलम और फ्लोएम दोनों जल और खनिजों का गमन करते हैं।

Section : **Mathematics**

**Q.26** दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक की दर से ऋण देते हैं। निर्मल ने प्रत्येक बैंक से ₹2,40,000 उधार लिए। 3 वर्षों के बाद निर्मल द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 28,800
- ✗ B. 29,800
- ✗ C. 30,300
- ✗ D. 28,300

**Q.27** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$6 \times 6 + 6 \times (8 - 5)^2 \div 3 \times 9$

**Ans**
- ✓ A. 198
- ✗ B. 138
- ✗ C. 164
- ✗ D. 192

**Q.28** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 41 से विभाज्य है?

**Ans**
- ✗ A. 7397665
- ✗ B. 7575438
- ✗ C. 7497194
- ✓ D. 7132975

Q.29 रवि, राज से ₹80 अधिक खर्च करता है। यदि दोनों मिलकर ₹380 खर्च करते हैं, तो राज कितना खर्च करता है?

Ans
- ✔ A. ₹150
- ✗ B. ₹120
- ✗ C. ₹140
- ✗ D. ₹110

Q.30 10.5 cm त्रिज्या वाले एक ठोस धातु के गोले को पिघलाकर प्रत्येक 1.5 cm त्रिज्या वाले छोटे गोले बनाए जाते हैं। यदि मूल गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल S है, तो सभी छोटी गेंदों का संयुक्त संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना है?

Ans
- ✗ A. 8S
- ✔ B. 7S
- ✗ C. 5S
- ✗ D. 6S

Q.31 एक जीप 80 km की दूरी 40 km/hr की चाल से, और अगली 32 km की दूरी 16 km/hr की चाल से तय करती है। इसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 32
- ✔ B. 28
- ✗ C. 34
- ✗ D. 22

Q.32 एक मीनार के आधार से 20 m दूर एक बिंदु पर, मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

($\sqrt{3} \approx 2$ का प्रयोग करें)

Ans
- ✗ A. 12 m
- ✔ B. 10 m
- ✗ C. 11 m
- ✗ D. 15 m

Q.33 प्रथम 16 अभाज्य संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 377
- ✔ B. 381
- ✗ C. 382
- ✗ D. 383

Q.34 एक रेलगाड़ी 2708 m और 2195 m लंबी दो सुरंगों को क्रमशः 88 सेकंड और 76 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई कितनी है?

Ans
- ✗ A. 1048 m
- ✗ B. 1064 m
- ✗ C. 1063 m
- ✔ D. 1054 m

Q.35 तीन संख्याओं का योग 8784 है। यदि पहली और दूसरी संख्या के बीच अनुपात 20 : 18 है तथा दूसरी और तीसरी संख्या के बीच अनुपात 21 : 12 है, तो पहली और तीसरी संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 1768
- ✗ B. 1678
- ✗ C. 1786
- ✗ D. 1687

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.36** सुनील और श्याम की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। अब से 25 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 8 : 9 होगा। सुनील की वर्तमान आयु कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 18 वर्ष
- ✓ B. 15 वर्ष
- ✗ C. 14 वर्ष
- ✗ D. 16 वर्ष

**Q.37** एक समबाहु त्रिभुज का परिमाप, $16\sqrt{2}$ cm विकर्ण वाले वर्ग के परिमाप का तीन-पाँचवाँ (3/5) है।

त्रिभुज के क्षेत्रफल और वर्ग के क्षेत्रफल के बीच का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $4\sqrt{3} : 25$
- ✗ B. $3\sqrt{2} : 16$
- ✗ C. $2\sqrt{3} : 11$
- ✗ D. $3\sqrt{5} : 26$

**Q.38** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, कुल मतदाताओं में से 80% मतदाताओं ने अपने मत डाले। कुल डाले गए मतों में से 10% अवैध घोषित कर दिए गए। यदि उम्मीदवार A को वैध मतों में से 70% मत और उम्मीदवार B को शेष मत प्राप्त हुए, तथा पात्र मतदाताओं की कुल संख्या 50,000 थी, तो उम्मीदवार A को कितने मत प्राप्त हुए?

**Ans**
- ✗ A. 25,500
- ✗ B. 26,500
- ✓ C. 25,200
- ✗ D. 26,200

**Q.39** एक वस्तु ₹2,600 में खरीदी गई। इसका मूल्य 20% अधिक अंकित किया गया। इसके बाद, इसे अंकित मूल्य पर 10% की छूट पर बेचा गया। इस सौदे पर लाभ प्रतिशत कितना था?

**Ans**
- ✗ A. 7%
- ✗ B. 9%
- ✓ C. 8%
- ✗ D. 10%

**Q.40** यदि आँकड़ों 4, 23, 11, 7, 6, 9, (K + 5), 15, 20 और 16 की माध्यिका 12 है, तो K का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✓ B. 8
- ✗ C. 6
- ✗ D. 7

**Q.41** यदि किसी संख्या के $\frac{2}{6}$ के 70% का 50%, 539 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 7200
- ✗ B. 3800
- ✓ C. 4620
- ✗ D. 6880

**Q.42** एक त्रिभुज की भुजाएँ 41 cm, 21 cm और 50 cm हैं। 21 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसकी ऊँचाई की लंबाई कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 40 cm
- ✗ B. 54 cm
- ✗ C. 22 cm
- ✗ D. 85 cm

**Q.43** एक वस्तु को 20% छूट पर बेचने पर प्राप्त लाभ प्रतिशत 32% है। वस्तु का मूल्य कितने प्रतिशत बढ़ाकर अंकित किया गया है?

**Ans**
- ✗ A. 61%
- ✓ B. 65%
- ✗ C. 69%
- ✗ D. 71%

**Q.44** दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$$(x + 2)(x + 3)$$

**Ans**
- ✗ A. $x^2 + 2x + 3$
- ✗ B. $x^2 + 6x + 5$
- ✗ C. $x^2 + 3x + 2$
- ✓ D. $x^2 + 5x + 6$

**Q.45** 19 पुरुष और 13 महिलाएँ किसी कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 17 पुरुष और 9 महिलाएँ उसी कार्य को 14 दिनों में पूरा कर सकते हैं। कितनी महिलाओं का कार्य, एक पुरुष के कार्य के बराबर है?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 2
- ✓ D. 3

**Q.46** एक दुकानदार एक वस्तु ₹12,000 में खरीदता है और उसे ₹13,500 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 20%
- ✗ B. 15%
- ✗ C. 10.5%
- ✓ D. 12.5%

**Q.47** A, B और C किसी काम को क्रमशः 3, 9 और 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ मिलकर काम करते हुए, उन्हें उसी काम का तीन गुना काम पूरा करने में कितना समय (दिन में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 7
- ✗ B. 12
- ✗ C. 18
- ✓ D. 6

**Q.48** एक कक्षा के 25 विद्यार्थियों की औसत आयु 33 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 34 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 59
- ✗ B. 56
- ✗ C. 55
- ✗ D. 61

**Q.49** यदि 8 और 56 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 392
- ✗ B. 390
- ✗ C. 394
- ✗ D. 393

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.50 2015 में एक इमारत में कीटों की आबादी 9580 थी। 2016 में यह 12% बढ़ गई, 2017 में 8% घट गई, और 2018 में फिर 8% बढ़ गई। 2018 में कीटों की आबादी (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 11,665
- ✓ B. 10,661
- ✗ C. 10,665
- ✗ D. 11,661

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 5 1 3 8 4 5 1 6 3 7 1 9 2 5 9 4 8 5 5 3 1 2 2 1 6 2 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या आती है?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 7
- ✗ C. 4
- ✓ D. 5

Q.52 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) 1 1 9 6 4 1 5 3 1 1 8 2 3 2 1 4 5 9 3 9 5 5 4 6 9 3 1 (दाएं)
ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✓ A. 9
- ✗ B. 10
- ✗ C. 11
- ✗ D. 8

Q.53 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

532 530 526 520 512 ?

Ans
- ✗ A. 501
- ✓ B. 502
- ✗ C. 499
- ✗ D. 498

Q.54 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित युग्मों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

16, 29
25, 47

Ans
- ✗ A. 78, 152
- ✗ B. 84, 79
- ✗ C. 95, 186
- ✓ D. 62, 121

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.55 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROUT' को '1625' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'AUTO' को '1546' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✔ A. 4
- ✗ B. 5
- ✗ C. 1
- ✗ D. 6

Q.56 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

8 D 14 A 2 C 3 B 9 = ?

Ans
- ✗ A. 26
- ✔ B. 28
- ✗ C. 27
- ✗ D. 25

Q.57 निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और ' ÷ ' को परस्पर बदल दिया जाए तथा ' - ' और ' x ' को परस्पर बदल दिया जाए?

312 + 6 x 5 - 32 ÷ 300 = ?

Ans
- ✔ A. 192
- ✗ B. 180
- ✗ C. 179
- ✗ D. 186

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ शिक्षक, लेखक हैं।
सभी लेखक, पेशेवर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पेशेवर, शिक्षक हैं।
(II) सभी शिक्षक, पेशेवर हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✔ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.59 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A − B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T + K ÷ S × U - J' तो T का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता की माता
- ✗ B. माता की बहन
- ✗ C. पिता की माता
- ✔ D. पिता की बहन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.60** रोशन अपनी कक्षा में ऊपर से 54वें और नीचे से 18वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 70
- ✗ B. 73
- ✓ C. 71
- ✗ D. 72

**Q.61** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) $ 9 $ 6 7 8 £ 5 1 8 2 £ 9 3 4 6 9 # 8 8 7 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✓ C. 1
- ✗ D. एक भी नहीं

**Q.62** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'queen area add' को ' mk ng uk' के रूप में और 'game queen ant' को 'ng oz ie' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'queen' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

**Ans**
- ✗ A. mk
- ✓ B. ng
- ✗ C. oz
- ✗ D. uk

**Q.63** राहुल बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 14 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 5 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

**Ans**
- ✗ A. पूर्व में 4 km
- ✗ B. पश्चिम में 3 km
- ✓ C. पूर्व में 3 km
- ✗ D. पश्चिम में 4 km

**Q.64** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. DA–BY
- ✗ B. GD–EB
- ✓ C. CZ–ZZ
- ✗ D. CZ–AX

**Q.65** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
113 99 85 71 57 ?

**Ans**
- ✗ A. 45
- ✓ B. 43
- ✗ C. 39
- ✗ D. 47

**Q.66** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. ACI
- ✗ B. LNT
- ✗ C. DFL
- ✓ D. FHM

**Q.67** KP 15 का संबंध एक निश्चित तरीके से NL 7 से है। इसी प्रकार, BL 5 का संबंध EH −3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से RP 18 का संबंध किससे है?

Ans
- ✗ A. UK 8
- ✗ B. VL 8
- ✗ C. VK 10
- ✓ D. UL 10

**Q.68** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
5 7 11 19 ? 67

Ans
- ✓ A. 35
- ✗ B. 44
- ✗ C. 20
- ✗ D. 34

**Q.69** A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाईं ओर से गिनने पर, B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिनने पर, F और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, C के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F के बाईं ओर से गिनने पर, F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✓ D. एक

**Q.70** नवीन, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 5 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ A. पश्चिम की ओर 11 km
- ✗ B. दक्षिण की ओर 11 km
- ✗ C. पूर्व की ओर 5 km
- ✗ D. उत्तर की ओर 5 km

**Q.71** PO 8 का संबंध एक निश्चित तरीके से SM -5 से है। उसी प्रकार, QW 12 का संबंध TU -1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CJ 18 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. EG 5
- ✗ B. EH 7
- ✗ C. FG 7
- ✓ D. FH 5

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.72 पाँच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, पंक्ति के बाएं छोर से पाँचवें स्थान पर बैठा है। A और D के बीच B बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. C
- ✓ B. A
- ✗ C. E
- ✗ D. B

Q.73 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकता है।

PPR NQO LRL ? HTF

Ans
- ✗ A. LKJ
- ✗ B. IJG
- ✗ C. KJU
- ✓ D. JSI

Q.74 M, N, O, P, W, X और Y एक गोल मेज के परित: केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
O के बाएं से गिनने पर P और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N के बाएं तीसरे स्थान पर W बैठा है। N के ठीक दाएं पड़ोस में Y बैठा है। P के बाएं दूसरे स्थान पर Y बैठा है। W का निकटतम पड़ोसी X नहीं है।
M के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. N
- ✗ B. W
- ✓ C. Y
- ✗ D. O

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन::
सभी फल, कैंडी हैं।
सभी फल, अंकुरित हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ कैंडी, अंकुरित हैं।
(II): सभी अंकुरित, फल हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.76 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 C 16 B 15 A 8 D 14 = ?

Ans
- ✗ A. 29
- ✓ B. 28
- ✗ C. 23
- ✗ D. 27

| | |
|---|---|
| **Q.77** | SG 11 का संबंध एक निश्चित तरीके से VH −6 से है। इसी प्रकार, NM 19 का संबंध QN 2 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ON 2 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
| **Ans** | ✔ A. RO −15 |
| | ✘ B. SO −18 |
| | ✘ C. SP −18 |
| | ✘ D. QP −15 |

| | |
|---|---|
| **Q.78** | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 458 569 248 671 349 (दाएं)<br><br>(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जाएँ।)<br><br>यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं में पहला अंक दूसरे अंक से पूर्णतः विभाजित होगा? |
| **Ans** | ✘ A. दो |
| | ✔ B. एक |
| | ✘ C. चार |
| | ✘ D. तीन |

| | |
|---|---|
| **Q.79** | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>UXZ 79, QTV 77, MPR 75, ILN 73, ? |
| **Ans** | ✘ A. FGJ 71 |
| | ✘ B. EGJ 71 |
| | ✘ C. FHJ 71 |
| | ✔ D. EHJ 71 |

| | |
|---|---|
| **Q.80** | सात डिब्बे, A, B, C, D, I, J और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। I के नीचे केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। J के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। J और K के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। B को C के ठीक ऊपर रखा गया है। D को A के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। A और B के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| **Ans** | ✘ A. दो |
| | ✔ B. चार |
| | ✘ C. एक |
| | ✘ D. तीन |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| **Q.81** | निम्नलिखित में से किसे, मार्च 2025 में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के पूर्णकालिक सदस्य (जीवन) के रूप में नियुक्त किया गया? |
| **Ans** | ✔ A. स्वामीनाथन एस. अय्यर |
| | ✘ B. दिनेश खारा |
| | ✘ C. रमेश बी. अय्यर |
| | ✘ D. अजय कुमार भल्ला |

| | |
|---|---|
| **Q.82** | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, कपास की उत्पादकता विशेष रूप से अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली किस्मों को बढ़ाने के लिए ______ कपास मिशन की योजना बनाई गई? |
| **Ans** | ✘ A. 12 वर्षीय |
| | ✘ B. 2 वर्षीय |
| | ✔ C. 5 वर्षीय |
| | ✘ D. 10 वर्षीय |

| | | |
|---|---|---|
| Q.83 | आपातकालीन खरीद खंड (emergency procurement clause) के तहत जून 2024 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों को कितनी स्वदेशी रूप से विकसित हथियार प्रणालियाँ जारी की गईं? |
| Ans | ✗ A. 48<br>✗ B. 38<br>✗ C. 18<br>✓ D. 28 |

| | |
|---|---|
| Q.84 | 2025 में नीति (NITI) आयोग के तहत अटल इनोवेशन मिशन के मिशन निदेशक के रूप में कौन शामिल हुए? |
| Ans | ✗ A. पूनम गुप्ता<br>✗ B. वी.के. पॉल<br>✗ C. बी. एस. सुब्रह्मण्यम<br>✓ D. दीपक बागला |

| | |
|---|---|
| Q.85 | 8 जून को मनाए गए विश्व महासागर दिवस 2025 (World Ocean Day 2025) में निम्नलिखित में से किस थीम पर जोर दिया गया? |
| Ans | ✓ A. वंडर: सस्टेनिंग व्हाट सस्टेन्स अस (Wonder: Sustaining what sustains us)<br>✗ B. ब्लू फ्यूचर, ग्रीन प्लैनेट (Blue Future, Green Planet)<br>✗ C. सस्टेन द सी (Sustain the Sea)<br>✗ D. रिवाइव ओशन लाइफ (Revive Ocean Life) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | जून 2025 में, बॉन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (Bonn Climate Change Conference) 2025 कहां आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✗ A. फ्रांस<br>✓ B. जर्मनी<br>✗ C. स्विट्ज़रलैंड<br>✗ D. पेरिस |

| | |
|---|---|
| Q.87 | जुलाई 2025 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए नए संशोधित मिशन वात्सल्य पोर्टल (Mission Vatsalya Portal) में कौन-सी सेवाएं एकीकृत की गई हैं? |
| Ans | ✗ A. पोषण अभियान और उज्ज्वला योजना<br>✓ B. ट्रैकचाइल्ड और खोया-पाया सेवाएं<br>✗ C. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं चाइल्डलाइन 1098<br>✗ D. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं सखी |

| | |
|---|---|
| Q.88 | भारत में फरवरी 2025 में अनावरण किए गए गूगल के सबसे बड़े कैंपस का क्या नाम है, जो प्रौद्योगिकी में सतत परिवर्तनकारी बदलाव में उपलब्धि को चिन्हित करता है? |
| Ans | ✗ A. विशाल (Vishaal)<br>✓ B. अनंत (Ananta)<br>✗ C. महाकाय (Mahakaya)<br>✗ D. क्षितिज (Kshitij) |

| | |
|---|---|
| Q.89 | 2025 में, किस केंद्रीय मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में खेलो इंडिया बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया? |
| Ans | ✗ A. किरण रिजिजू<br>✓ B. मनसुख मंडाविया<br>✗ C. धर्मेंद्र प्रधान<br>✗ D. अनुराग ठाकुर |

Prepp Your Personal Exam Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.90 | जुलाई 2025 में, किस जांच प्राधिकरण ने कर्नाटक में 24 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब संपत्ति का पता लगाया? | |
| Ans | ✔ A. कर्नाटक लोकायुक्त<br>✘ B. आयकर विभाग<br>✘ C. केंद्रीय जांच ब्यूरो<br>✘ D. प्रवर्तन निदेशालय | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.91 | जून 2025 में किस पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर को ICC हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया? | |
| Ans | ✔ A. सना मीर (Sana Mir)<br>✘ B. बिस्माह मारूफ (Bismah Maroof)<br>✘ C. निदा डार (Nida Dar)<br>✘ D. डायना बेग (Diana Baig) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.92 | 2025 में जारी संशोधित ग्रीन इंडिया मिशन (Green India Mission - GIM) योजना का लक्ष्य 2030 तक कितना कार्बन सिंक बनाना है? | |
| Ans | ✘ A. 4 बिलियन टन<br>✔ B. 3.39 बिलियन टन<br>✘ C. 2.5 बिलियन टन<br>✘ D. 1 बिलियन टन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.93 | AIFF पुरस्कार 2025 में, वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी किसे चुना गया? | |
| Ans | ✘ A. विशाल कैथ (Vishal Kaith)<br>✘ B. खालिद जमील (Khalid Jamil)<br>✘ C. ब्रिसन फर्नांडीस (Brison Fernandes)<br>✔ D. सुभाशीष बोस (Subhasish Bose) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.94 | जनवरी 2025 में स्थापित भारत AI सुरक्षा संस्थान (India AI Safety Institute) का लक्ष्य निम्नलिखित में से क्या है? | |
| Ans | ✘ A. सोशल मीडिया विज्ञापनों का विनियमन<br>✔ B. सुरक्षित और नैतिक AI सुनिश्चित करना<br>✘ C. क्वांटम कंप्यूटर विकसित करना<br>✘ D. ऑन-लाइन गेमिंग को बढ़ावा देना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.95 | रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस प्रयोगशाला द्वारा 04 मार्च, 2025 को LCA तेजस विमान के लिए स्वदेशी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (OBOGS) पर आधारित इंटीग्रेटेड लाइफ सपोर्ट सिस्टम (ILSS) का अधिकतम ऊंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया? | |
| Ans | ✘ A. एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADRDE)<br>✔ B. डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (DEBEL)<br>✘ C. डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (DLRL)<br>✘ D. डिफेंस लेबोरेटरी जोधपुर (DLJ) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.96 | 2025 में पुणे में नव स्थापित हेजिंग डेस्क (Hedging Desk) का उद्घाटन किसने किया? | |
| Ans | ✘ A. शरद पवार<br>✘ B. उद्धव ठाकरे<br>✔ C. देवेंद्र फडणवीस<br>✘ D. एकनाथ शिंदे | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.97** जून 2025 में, भारत सरकार ने निम्नलिखित में से कौन-सा नया आपदा प्रबंधन तकनीकी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया?

**Ans**
- ✗ A. इंडियन कंट्रोल रूम फॉर इमर्जेंसी रेस्पॉन्स (Indian Control Room for Emergency Response)
- ✓ B. इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम फॉर इमर्जेंसी रेस्पॉन्स (Integrated Control Room for Emergency Response)
- ✗ C. इंटीग्रेटेड कॉमन रिस्पांस फॉर इमर्जेंसी रेस्पॉन्स (Integrated Common Response for Emergency Response)
- ✗ D. इंटीग्रेटेड सेंटर रूम फॉर इमर्जेंसी रेस्पॉन्स (Integrated Centre Room for Emergency Response)

**Q.98** जुलाई 2025 में, भारत का पहला लकड़ी का गुरुद्वारा, श्री नानक निवास, पंजाब में कहाँ बनाया गया?

**Ans**
- ✗ A. मोगा
- ✗ B. अबोहर
- ✗ C. खन्ना
- ✓ D. फाजिल्का

**Q.99** अप्रैल 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, किस मंत्रालय/विभाग ने भारत में प्लास्टिक पार्क स्थापित करने की योजना के तहत विभिन्न राज्यों में 10 प्लास्टिक पार्कों को मंजूरी दी?

**Ans**
- ✗ A. फार्मास्यूटिकल्स विभाग
- ✓ B. रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग
- ✗ C. विद्युत मंत्रालय
- ✗ D. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**Q.100** निम्नलिखित में से किस महिला धावक ने, पेरिस मैराथन 2025 में महिला दौड़ जीती?

**Ans**
- ✗ A. डेरा दीदा (Dera Dida)
- ✗ B. लेटेसेनबेट गिडे (Letesenbet Gidey)
- ✓ C. बेदातु हिरपा (Bedatu Hirpa)
- ✗ D. एंजेला तनुई (Angela Tanui)

Prepp Your Personal Exam Guide